पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# विश्व हृदय दिवस–2026 पर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन

लखनऊ : 29 सितम्बर, 2026

विश्व हृदय दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा रीजेंसी हॉस्पिटल के सहयोग से हृदय स्वास्थ्य एवं हृदय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के धन्वंतरि सभागार में दोपहर 2:00 से 3:00 बजे तक किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कुलपति एवं मुख्य संरक्षक प्रो. जय प्रकाश सैनी के संरक्षण में तथा इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम में रीजेंसी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को हृदय स्वास्थ्य, जोखिम कारकों, रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जानकारी दी।

डॉ. आकांक्षा गुप्ता, परामर्शदाता चिकित्सक एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ ने मधुमेह एवं हृदय रोगों के पारस्परिक संबंध, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा जीवनशैली में सकारात्मक बदलावों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

डॉ. हर्षित गुप्ता, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट ने हृदय रोगों के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान, समय पर चिकित्सकीय परामर्श, आधुनिक उपचार पद्धतियों तथा हृदयाघात से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

कार्यक्रम का समन्वय डॉ. प्रणति श्रीवास्तव एवं डॉ. किरण सिंह द्वारा किया गया, जबकि छात्र समन्वयक के रूप में सुश्री अंशी सिंह एवं सुश्री यशस्वी सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का समापन हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, निवारक स्वास्थ्य देखभाल तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

---

**सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे**

राघवेन्द्र / 04:55 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in